दैनिक भास्कर
बिलासपुर 24-06-2025

## सरकारी कर्मचारी ब्रीफ

# रायपुर व दुर्ग संभाग का अलग-अलग जारी होगा पदोन्नति आदेश

रायपुर | हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब रायपुर और दुर्ग संभाग का ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों का पदोन्नति आदेश अलग-अलग जारी होगा। स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष टारजन गुप्ता और प्रदेश प्रवक्ता सुरेश पटेल के मार्गदर्शन में रायपुर और दुर्ग संभाग पदोन्नति के लिए अलग-अलग संभाग अनुसार सूची निकालने के लिए कई बार प्रयास किया गया। शासन-प्रशासन द्वारा इसे लेकर कोई पहल नहीं किए जाने पर डोलचंद पटेल और योगेश प्रजापति ने रायपुर और दुर्ग संभाग के लिए अलग-अलग पदोन्नति आदेश जारी करने के लिए हाईकोर्ट बिलासपुर में याचिका दायर की। इसमें हाईकोर्ट ने 60 दिनों के भीतर इसके लिए यथा उचित कार्यवाही का निर्देश दिया है।